संसार से मुक्ति

प्रो. (डॉ.) सोहन राज तातेड़,

पूर्व कुलपति सिंघानिया विश्वविद्यालय, राजस्थान

संसार बंधन है। यहां प्रत्येक वस्तु संचरण करती रहती है। संचरण करने के कारण ही इसे संसार कहा जाता है। यहां स्थाई कुछ भी नहीं है। जो वस्तु स्थाई दिखलाई देती है वह भी परिवर्तनशील है। अज्ञान के कारण मानव क्षणिक वस्तु को स्थाई मानकर प्रसन्नता का अनुभव करता है। परिवर्तनशील संसार से मुक्त होने के लिए कर्म निर्जरा आवश्यक है। बिना निर्जरा के मुक्ति सम्भव नहीं है।

सभी दर्शनों में कर्म का विश्लेषण किया गया है। जो धर्म दर्शन में आत्मा में विश्वास करते हैं वे कर्म में भी विश्वास करते हैं। बिना कर्म के आत्मा शरीर में नहीं रह सकता। कर्म आत्मा का बंधन है। कर्म से मुक्त होने के बाद आत्मा निर्मुक्त हो जाता है। कर्म का संयोग ही आत्मा को शरीर में बांधकर रखता है। संयोग का अंतिम परिणाम वियोग है। आत्मा और परमाणु ये दोनों भिन्न हैं। वियोग में आत्मा आत्मा है और परमाणु परमाणु। इनका संयोंग होता है तब आत्मा रूपी कहलाती है और परमाणु कर्म। कर्म परमाणु आत्मा से चिपक कर कर्म बन जाते हैं। उस पर अपना प्रभाव डालने के बाद वे अकर्म बन जाते हैं। अकर्म बनते ही वे आत्मा से विलग हो जाते हैं। इस बिलगाव की दशा का नाम है कर्म निर्जरा।

निर्जरा कर्मों की होती है। यह औपचारिक सत्य है। वस्तु सत्य यह है कि कर्मों की वेदना अर्थात अनुभूति होती है, निर्जरा नहीं होती। निर्जरा अकर्म की होती है। वेदना के बाद कर्म परमाणु का कर्मत्व नष्ट हो जाता है फिर निर्जरा होती है। कोई फल डाली पर पककर टूटता है और किसी फल को प्रयत्न से पकाया जाता है। पकते दोनों हैं किन्तु पकने की प्रक्रिया दोनों की भिन्न है। जो सहज गति से पकता है उसका पाक काल लम्बा होता है और जो प्रयत्न से पकता है उसका पाक काल छोटा होता है।

कर्म का परिपाक भी ठीक इसी प्रकार होता है। निश्चित काल मर्यादा से जो कर्म परिपाक होता है उसकी निर्जरा को बिपाकी निर्जरा कहा जाता है। यह अहेतुक निर्जरा है। इसके लिए

कोई नया प्रयत्न नहीं करना पड़ता। इसलिए इसका हेतु न धर्म होता है और न अधर्म। निश्चित काल मर्यादा से पहले शुभ योग के व्यापार से कर्म का परिपाक होकर जो निर्जरा होती है। उसे अविपाकी निर्जरा कहा जाता है। यह सहेतुक निर्जरा है। इसका हेतु शुभ प्रयत्न है। यह धर्म है। मोक्ष इसका उत्कृष्ट रूप है। कर्म की पूर्ण निर्जरा ही मोक्ष है। कर्म का अपूर्ण विलय निर्जरा है। दोनों में मात्रा भेद है स्वरूप भेद नहीं। निर्जरा का अर्थ है आत्मा का विकास या स्वभावोदय। अभेदोपचार की दृष्टि से स्वभावोदय के साधनों को भी निर्जरा कहा जाता है। सकाम और अकाम निर्जरा इसी दृष्टि से चिन्तनीय है। वस्तुतः सकाम और अकाम तप होता है निर्जरा नहीं। निर्जरा आत्मशुद्धि है।

कर्म परमाणु के विकर्षण के साथ–साथ दूसरे कर्म परमाणुओं का आकर्षण होता रहता है। कर्म सम्बन्ध के प्रधान साधन दो हैं– कषाय और योग। कषाय प्रबल होता है तब कर्म परमाणु आत्मा के साथ अधिक काल तक रहते हैं। कषाय के मन्द होते ही उनकी फल शक्ति मंद हो जाती है। कषाय मंद होते ही निर्जरा अधिक होती है। पुण्य का बंध शिथिल होता जाता है। प्रायः यह कहा जाता है कि आत्मा अजर, अमर और अनादि है। इसलिए कर्म भी अनादि हैं जो अनादि होता है उसका अंत नहीं होता। ऐसी दशा में अनादिकालीन कर्म सम्बन्ध का अंत कैसे हो सकता है? अनादि का अंत नहीं होता यह नियम है।

व्यक्ति विशेष पर यह लागू भी नहीं होता। प्रागभाव अनादि है फिर भी उसका अंत होता है। स्वर्ण और मिट्टी का, घी और दूध का सम्बन्ध अनादि है फिर भी वो पृथक होते हैं। ऐसे ही आत्मा और कर्म के अनादि सम्बन्ध का अंत होता है। आत्मा से जितने कर्म पुद्गल चिपके होते हैं वे सब अवधि सहित होते हैं। कोई भी एक कर्म अनादिकाल से आत्मा के साथ घुलमिलकर नहीं रहता। आत्मा मोक्षोचित सामग्री प्राप्त कर अनाश्रव बन जाती है तब नये कर्मों का प्रवाह रूक जाता है। संचित कर्म तपस्या द्वारा टूट जाते हैं और आत्मा मुक्त बन जाता है।

समस्त कर्मों का अन्तिम उद्देश्य आत्मा का उत्थान और उद्धार ही माना गया है। आत्मा समस्त कर्मेन्द्रिय और ज्ञानेन्द्रिय तथा उनके विषय, मन, अहंकार, बुद्धि आदि से भी परे है। यह समस्त प्रकृति एक क्षेत्र है और आत्मा क्षेत्रज्ञ है। आत्मा के बन्धन मुक्त होने के लिये शास्त्रों में

संन्यास और योग के मार्गों का निरूपण किया गया है। गृहस्थ गीता में प्रदर्शित दान, अतिथि सत्कार, नित्य, नैमित्तिक आदि कर्त्तव्यों को हार्दिक भाव से पूरा करता है और सत्य आचरण पर दृढ़ रहता है, वह भी निस्सन्देह मुक्ति का अधिकारी होता है।

निष्काम कर्म का तात्पर्य है ऐसा कर्म जिसे बिना किसी लालसा, बिना किसी कामना और फल की इच्छा किये बिना किया जाये। ऐसा कर्म निष्काम कर्म कहलाता है। कामना पूर्वक किया गया कर्म बंधन का कारण होता है। फल की इच्छा का त्याग कर जो कर्म किया जाता है वह बंधन का कारण नहीं होता, क्योंकि यह कर्म आसक्ति रहित है। भारतीय संस्कृति में निष्काम कर्म को बहुत महत्व प्रदान किया गया है। श्रीमद्भगवत्गीता का मूल सार ही निष्काम कर्म योग है। गीता के प्रथम छः अध्यायों में कर्ममार्ग का वर्णन है। कर्ममार्ग का तात्पर्य है जीवन में कर्म करो, किन्तु कर्मफल की इच्छा मत करो।